**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू–प्रबंध), वन भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल**

क्रमांक / एफ–5 / 1187 / 2022 / 10–11 / 4419 भोपाल, दिनांक 4-10-23

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग (भ. / स.) शहडोल, मध्यप्रदेश।

**विषयः– शहडोल जिले में सरना से विशनपुरवा तक मार्ग निर्माण हेतु 3.340 हेक्टेयर वनभूमि एवं 1.428 हेक्टेयर राजस्व वनभूमि कुल 4.768 हेक्टेयर वनभूमि लोक निर्माण विभाग, शहडोल को उपयोग पर देने बाबत्।**

संदर्भः– मुख्य वनसंरक्षक, शहडोल का पत्र क्रमांक / मा.चि. / 4775 दिनांक 20.09.2023

----0----

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करें, जिसके द्वारा मुख्य वनसंरक्षक शहडोल ने विषयांकित प्रकरण में भारत सरकार के पत्र दिनांक 07.06.2023 द्वारा चाही गई जानकारी वन मण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल एवं आपकी जानकारी इस कार्यालय को प्रस्तुत की गई है।

उपरोक्त जानकारी में आपके द्वारा बिन्दु क्रमांक 1 के पालन में पूर्ण KML file पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई है, बिन्दु क्रमांक 3 के पालन में अन्य विभागों के अनापत्ति प्रमाण पत्र, बिन्दु क्रमांक 4 के पालन में अन्य विकल्पों का तुलनात्मक विवरण, बिन्दु क्रमांक 5 के पालन में अन्य विकल्पों की KML file पोर्टल में अपलोड नही की गई है, बिन्दु क्रमांक 6 के पालन में मक डिस्पोजल स्कीम, बिन्दु क्रमांक 7 के पालन में कम्पोनेण्ट वाइस ब्रेकअप एवं बिन्दु क्रमांक 11 के पालन में जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।

वन मण्डलाधिकारी द्वारा बिन्दु क्रमांक 9 के पालन में DFL की KML file पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई है एवं बिन्दु क्रमांक 10 के पालन में अभिमत नहीं दिया गया है।

अतः उपरोक्तानुसार बिन्दुवार जानकारी वन मण्डलाधिकारी के माध्यम से तत्काल इस कार्यालय को भिजवायें, ताकि प्रकरण में सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा सके।

03.10.23
(एच.एस. मोहन्ता)
**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

पृ. क्रमांक / एफ–5 / 1187 / 2022 / 10–11 / 4420 भोपाल, दिनांक 4-10-23

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय), शहडोल वृत्त, शहडोल, मध्यप्रदेश।
2. वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वन मण्डल, दक्षिण शहडोल, मध्यप्रदेश।

की ओर उपरोक्त संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

03.10.23
**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

E:\Rakesh\2023 PART II\2 MISC 23-05-23 to.docx